दिन– रविवार दिनांक– 21 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रही है वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध।

02. नकली उर्वरकों और कीटनाशकों के कारोबार पर नियंत्रण के लिए संसद के अगले सत्र में लाया जायेगा विधेयक। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा।

03. राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचे। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से करेंगे मुलाकात।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित। गया, अरवल जहानाबाद, पटना समेत अठारह जिलों में अगले चौबीस घंटो के दौरान शीत दिवस का अलर्ट।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। इसलिए वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध कर रही है। असम के डिब्रुगढ़ मे सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में पुनरिक्षित मतदाता सूची के आधार पर ही चुनाव हुआ और कहीं से कोई शिकायत नही आई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल एसआईआर के विरोध के नाम पर लोगों को गुमाराह करने का काम कर रहे है।

–––बाइट–––

अवैध घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि उर्वरक पर बडी सब्सिडी देकर केन्द्र सरकार किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में सहयोग कर रही है।

———बाइट———

जो यूरिया हमें महंगे दामों पर विदेशों से मंगाना पड़ता है, हम उसकी भी चोट अपने किसानों पर नहीं पडने देते। बीजेपी सरकार सब्सिडी देकर वो भार, सरकार खुद उठाती है। भारत के किसानों को सिर्फ 300 रुपये में यूरिया की बोरी मिलती है। उस एक बोरी के बदले भारत सरकार को दूसरे देशों को करीब 3000 रुपये देना पड़ता है।

———————————————————

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरकों और कीटनाशकों की समस्या से निपटने के लिए संसद के अगले सत्र में एक विधेयक लाएगी। श्री सिंह ने भ्रामक टैग के साथ नकली उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि बेईमान कारोबारियों के खिलाप सख़्त कार्रवाई होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक न केवल किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है, बल्कि गांवों के विकास से भी हर तरह से जुड़ा हुआ है।

———बाइट———

विकसित भारत जी राम जी योजना मनरेगा के आगे का कदम है। मजदूर भाइयों 100 दिन की नहीं अब एक सौ 25 दिन काम की गारंटी है कानूनी गारंटी है। और काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। मजदूरी अगर देर से मिली तो अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान है और दूसरी तरफ एक विशाल धनराशि जो प्रस्तावित इसी साल है। वो है एक लाख 51 हजार 282 करोड रुपए से भी ज्यादा ताकि रोजगार देने के लिए पर्याप्त पैसा हो और उस पैसे से गांव का संपूर्ण विकास हो।

———————————————————

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार दो दिवसीय दौरे पर आज नई दिल्ली पहुंचे। श्री कुमार दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत एनडीए के वरिष्ठ नेताओ से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। इससे पहले आज शाम नई दिल्ली हवाई अड्डे पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। श्री कुमार ने जदयू के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की।

———————————————————

राज्य में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशों का उल्लंघन कर चलाए जा रहे गुंडा बैंक और सूदखोरी के धंधे पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। पुलिस महानिदेशक

विनय कुमार ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन कर एसे बैंको का संचालन अवैध है। उन्होंने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है।

---बाइट---

---

गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट मिलेगी, जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी। इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी। प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। पूर्व सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत और ट्रेड्समैन के लिए तीन प्रतिशत तक रिक्तियां आरक्षित रहेंगी।

---

रेलवे इस महीने की 26 तारीख़ से रेल किराए को युक्तिसंगत बना रहा है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए दो सौ पन्द्रह किलोमीटर तक की यात्रा किराए में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी। वहीं, इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर मात्र एक पैसे की दर से वृद्धि की जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर 2 पैसे प्रति किलोमीटर होगी। रेलवे के अनुसार, किराए में वृद्धि से लगभग 6 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

---

और अब आपके लिए बेहद जरूरी खबर। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने चेतावनी जारी कर व्हाट्सऐप अकाउंट को हैक करने के लिए घोस्ट पेयरिंग नाम के एक साइबर कैंपेन का इस्तेमाल करने को लेकर लोगों को सचेत किया है। एक रिपोर्ट—

———बाइट———

मंत्रालय के अनुसार, साइबर अपराधी बिना किसी सत्यापन के पेयरिंग कोड का इस्तेमाल करके व्हाट्सऐप के डिवाइस—लिंकिंग फीचर के जरिए अकाउंट को हैक कर रहे हैं। यह धोखाधड़ी आमतौर पर तब शुरू होती है जब आपको किसी जानकार नंबर से फोटो भेजा जाता है और इसे देखने की अपील का मैसेज आता है। इस मैसेज में एक लिंक होता है, जो फेसबुक जैसे प्रीव्यू के साथ आता है और आगे फोन नंबर से जुड़ी एक वेरिफिकेशन प्रक्रिया की ओर ले जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इस तरीके से साइबर अपराधी को बिना पासवर्ड या सिम स्वैप किए पीड़ित के व्हाट्सऐप अकाउंट का पूरा एक्सेस मिल जाता है। मंत्रालय ने लोगों से संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने के साथ—साथ बाहरी साइटों पर कभी भी अपना फोन नंबर दर्ज नहीं करने की सलाह दी है। आरजू की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने गया, नालंदा समस्तीपुर, मधुबनी, पटना समेत प्रदेश के अठारह जिलों में अनेक स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर न रहने की अपील की है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर बहुत कम हो जाने से दिन में भी कनकनी का एहसास हो रहा है। इधर, राज्य के उत्तर—पश्चिम, दक्षिण—पश्चिम और उत्तर—मध्य भागों में अधिकांश स्थानों घने कोहरे की चपेट में है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक ठंड से राहत की संभावना नही है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

शीत दिवस की चेतावनी के मद्देनजर विभिन्न जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कक्षा पांच तक स्कूलों में पठन—पाठन पर रोक लगा दिया है। गया और जमुई जिला प्रशासन ने शीत लहर के मद्देनजर पांचवी तक स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए है। वहीं, सारन जिला प्रशासन ने तेईस दिसम्बर तक कक्षा दस तक के स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को बंद रखने के आदेश दिए है। हालांकि बच्चों को गर्म भोजन

परोसने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र दोपहर बारह बजे से अपराह्न दो बजे तक खोले जा सकते है।

घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर अत्यंत कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई विमान रद्द कर दिया गया। वहीं, कई उड़ान देर से संचालित की जा रही है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

राजगीर में नालंदा साहित्य महोत्सव दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नालंदा ज्ञान की भूमि है और इस तरह के आयोजन से ज्ञान का प्रचार–प्रसार होता है।

———बाइट———

इस अवसर पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर, नालंदा विश्व विद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

पाकिस्तान ने पुरुष अंडर–19 एशिया कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला जीत लिया है। यूएई के दुबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को एक सौ इक्यानवे रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने निर्धारित पचास ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर तीन सौ सैंतालीस रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सत्ताईसवें ओवर में ही एक सौ छप्पन रन के स्कोर पर सिमट गई।

---

दरभंगा जिले के पंचोभ में शरद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया।

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने आज मुंगेर जिले का दौरा किया। इस दौरान श्री अमृत ने जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

---

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा गांव में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शेखर आनंद ने लोगों की समस्याएं सुनी।

---

रोहतास पुलिस ने जिले के अकोढ़ी गोला में नौ दिसम्बर को ही गोलीबारी की घटना का खुलासा कर दिया है। डीएसपी अखिलेश झा ने बताया कि गांजा की लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद में गोलीबारी की घटना हुई थी। इस मामले में अब तक छह अभ्युक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

---

सीतामढ़ी के बोखड़ा प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मिणिया टोला में आग से झुलस कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ठंड से बचने के लिए जलाए अलाव चिंगारी से यह घटना हुई है।
जिला विविध

---

अररिया जिले के जोगबनी में भारत–नेपाल सीमा पर गश्ती के दौरान एसएसबी जवानों ने एक महिला को दो लाख नेपाली रूपये और अन्य आपत्तिजनक समान के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारतीय सेना के भगोड़े जवान राजबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि आरोपी जवान नेपाल के रास्ते देश से फरार होने की फिराक में था।

---

नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयाग गांव में अपराधियों ने एक दुकानदार को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने गोलीबारी के आरोपी शिवांग को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अरवल के जी ए उच्च विद्यालय में भारत स्काउट एंड गाइड की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रही है वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध।

02. नकली उर्वरकों और कीटनाशकों के कारोबार पर नियंत्रण के लिए संसद के अगले सत्र में लाया जायेगा विधेयक। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा।

03. राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचे। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से करेंगे मुलाकात।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित। गया, अरवल जहानाबाद, पटना समेत अठारह जिलों में अगले चौबीस घंटो के दौरान शीत दिवस का अलर्ट।

---

समाप्त